पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 | अंक : 259 हल्द्वानी | शुक्रवार , 24 अप्रैल 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठः 8

## एक नजर

### ओल्ड पेंशन बहाली के लिए 3 को रुद्रपुर में प्रदर्शन

**सितारगंज।** ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कराने की मांग तेज करते हुए कर्मचारियों ने 3 मई को रुद्रपुर में विशाल रैली निकालने का ऐलान किया है। इस संबंध में गुरुवार को बीआरसी परिसर में बैठक आयोजित कर आंदोलन की रणनीति तय की गई। जिला संयोजक एनएमओपीएस हुकुम सिंह नयाल ने बताया कि गांधी पार्क से डीएम कार्यालय तक प्रस्तावित रैली को सफल बनाने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह और मंत्री विजय कुमार आर्य ने कहा कि ओल्ड पेंशन योजना कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है, जिसके लिए सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। बैठक में विभिन्न विभागों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आंदोलन को समर्थन दिया और एकजुटता का भरोसा जताया।

### देहरादून में आज रात ब्लैकआउट

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में आज रात एक विशेष ब्लैकआउट मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। इस दौरान शहर के कई प्रमुख इलाकों में रात 10 बजे से करीब आधे घंटे के लिए बिजली बंद रखी जाएगी और आपातकालीन सायरन बजाकर नागरिकों को सतर्क किया जाएगा। यह अभ्यास भारत सरकार के निर्देशों के तहत आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिक सुरक्षा तंत्र की तैयारियों, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को परखना है। प्रशासन का मानना है कि इस तरह की मॉकड्रिल भविष्य में किसी भी आपदा या संकट की स्थिति से निपटने में मददगार साबित होती है।

### एमबीपीजी कॉलेज में धूमधाम से मनाया छात्र संघ समारोह

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के सबसे बड़े शिक्षण संस्थानों में शामिल एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में वर्ष 2026 का छात्र संघ समारोह उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह में नव-निर्वाचित छात्र संघ पदाधिकारियों का स्वागत, शपथ ग्रहण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद अजय भट्ट व कॉलेज प्रशासन एवं प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बतौर विशिष्ट अतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## अलग-अलग हादसों में आधा दर्जन लोगों की मौत

### मृतकों के परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** शहर में हुए अलग-अलग हादसों में आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई। इसके बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

पुलिस ने सभी शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक ग्राम मुकरंदपुर महतोष निवासी 55 वर्षीय शंकर मंडल पुत्र हरेंद्र नाथ मंडल को बीती रात महतोष मोड पर इस अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया



गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

वहीं सिरौली कला निवासी आरिस पुत्र बाबू शाह को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जिसमें उनकी मौत हो गई। अमृत नगर निवासी सुजाय हीरा पुत्र सुभाष हीरा भी सड़क हादसे का शिकार हो गये। लालपुर निवासी संजय बैरागी पुत्र सुशील बैरागी किसी काम से जा रहे थे कि किच्छा रोड स्थित नालंदा स्कूल के समीप एक वाहन टक्कर मार दी जिसमें उनकी मौत हो गई। उधर शक्ति फार्म निवासी मनोज विश्वकर्मा पुत्र गोपाल विश्वकर्मा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही एक अज्ञात व्यक्ति की भी सड़क हादसे में मौत हो गई। आधा दर्जन हुई मोतों से पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। उन्होंने सभी शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे समाजसेवी सुशील गाबा ने कहा कि यह हादसे बेहद दुखद हैं जिससे कई परिवार उजड़ गए । उन्होंने कहा कि रुद्रपुर शहर में आए दिन सड़क हादसों के चलते लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। ऐसे में पुलिस और प्रशासन इसके अलावा जनप्रतिनिधि इस मामले को लेकर ठोस कदम उठाएं ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके।

## खेत में काम कर रहे युवक को बाघ ने बनाया निवाला, क्षेत्र में दहशत

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भद्यूनी क्षेत्र में खेत में काम कर रहे एक युवक पर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे उसकी



मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। मृतक की पहचान कमल बिष्ट (30) पुत्र इंद्र सिंह बिष्ट के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपने खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक घात लगाए बैठे बाघ ने उस पर हमला कर दिया। हमले की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बाघ की बढ़ती गतिविधियों को लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि पिछले कुछ समय से इलाके में जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए,हमलावर बाघ को जल्द से जल्द पकड़ा जाए,गांव में सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए जाएं,वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा है कि बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और आवश्यक कदम जल्द उठाए जाएंगे।

## कोसी कैफे होमस्टे सीज, नाबालिगों के मामले में पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई

**रामनगर ( नैनीताल )।** जिले के रामनगर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोसी कैफे होमस्टे को सीज कर दिया है। नाबालिगों से जुड़े गंभीर मामले के सामने आने के बाद होमस्टे के लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति भी संबंधित प्राधिकरण को भेज दी गई है।

पुलिस के अनुसार, 18 अप्रैल 2026 को प्राप्त सूचना के आधार पर थाना रामनगर में एफआईआर संख्या 115/2026 और 116/2026 दर्ज की गई थी। प्रारंभिक मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 140(3) के तहत गुमशुदा नाबालिगों से संबंधित था। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कोसी कैफे होमस्टे में छापेमारी की, जहां से दोनों नाबालिगों को बरामद कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ धारा 137(2), 64(1), 65(1) बीएनएस की धाराएं भी जोड़ दी गईं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेजा गया है। विवेचना के दौरान यह भी सामने आया कि



होमस्टे संचालक द्वारा न तो आगंतुक रजिस्टर में प्रविष्टियां की गई थीं और न ही मेहमानों के पहचान पत्र लिए गए थे। मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है, जिससे अवैध गतिविधियों की पुष्टि हुई।

जांच में यह भी पाया गया कि होमस्टे मैनेजर भास्कर जोशी ने नाबालिगों के ठहरने की जानकारी छिपाई और नियमों का खुला उल्लंघन किया। यह होमस्टे जिला पर्यटन विभाग में पंजीकृत था, जिसे वर्तमान में मोहम्मद अदनान संचालित कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी नैनीताल ने सख्त रुख अपनाते हुए होमस्टे को तत्काल प्रभाव से सीज करने और उसका लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति भेज दी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों में लिप्त किसी भी संस्थान के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## वेतन वृद्धि की मांग को लेकर सैकड़ों श्रमिक धरने पर

### अन्य सिड़कुल के श्रमिकों ने भी दिया समर्थन, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** वेतन वृद्धि व अन्य मांगों को लेकर आज सिडकुल की एक कंपनी के बाहर सैकड़ो महिला श्रमिकों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने कंपनी प्रबंधन पर कई आरोप लगाए। इन महिला श्रमिकों को सिडकुल की अन्य कंपनियों के श्रमिकों ने भी अपना समर्थन दे दिया जिससे वहां सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष श्रमिक एकत्र हो गए घटना की जानकारी मिलने पर वहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक सिडकुल की सेक्टर 5 स्थित वी-गार्ड कंपनी कि आज सैकड़ो महिला कंपनी गेट के बाहर धरने



पर बैठ गई। उनका कहना था कि वह कई वर्षों से यहां काम करती हैं लेकिन इतने वर्ष भी बीत जाने के उनके वेतन में वृद्धि नहीं की गई उनका आरोप था की कंपनी द्वारा दिए जा रहे भोजन में कीड़े निकलते हैं यदि कोई कर्मचारी इसकी शिकायत करता है तो उसे चुप कर दिया जाता है । महिला श्रमिकों का आरोप था कि उनसे ओवर टाइम कराया जाता है लेकिन उसे ओवर टाइम का वेतन नहीं दिया जाता। उनका कहना था कि उनके वेतन में वृद्धि की जाए और उनका वेतन 20000 प्रति माह किया जाए। साथ ही भोजन की गुणवत्ता में भी सुधार किया जाए और यदि कंपनी श्रमिकों से ओवर टाइम करती है तो उन्हें ओवर टाइम का डबल वेतन दिया जाए।

महिला श्रमिकों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की उन्हें सिडकुल की अन्य फैक्ट्री के कर्मचारियों ने भी अपना समर्थन दिया।महिला श्रमिकों के आक्रोश को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया । फिलहाल श्रमिकों का धरना जारी था। धरना देने वालों में सोनम, सीमा, गरिमा, गायत्री, पूजा, मनीषा ,काजल, रूपा, खुशी, सोनम, शिबा, आरती, नीरू, कंचन ,संगीता,सपना, अफसाना, सुषमा, बबीता, सुमन,पीहू समेत सैकड़ो महिला श्रमिक मौजूद थे।

# सम्पादकीय

## पढ़ने की संस्कृति: भविष्य की बुनियाद

हर वर्ष 23 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि पुस्तकों का महत्व केवल ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि सभ्यता के निर्माण से जुड़ा है। यूनेस्को द्वारा 1995 में प्रारंभ किया गया यह दिवस लेखकों के सम्मान, सृजनाधिकार की सुरक्षा और पठन संस्कृति के प्रसार का वैश्विक संकल्प है। यह तिथि भी प्रतीकात्मक है, क्योंकि इसी दिन विलियम शेक्सपियर और मिगुएल डी सर्वांटेस जैसे महान साहित्यकारों का निधन हुआ था, जिनकी रचनाएँ आज भी मानवता का मार्गदर्शन करती हैं। आज के डिजिटल और त्वरित सूचना युग में, जहाँ ज्ञान की उपलब्धता तो बढ़ी है, वहीं गहन अध्ययन और मनन की प्रवृत्ति लगातार कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। सूचनाओं की अधिकता ने समझ की गहराई को प्रभावित किया है। ऐसे समय में वर्ष 2026 का संदेश रुचि के अनुसार पढ़ना और पठन को आनंदमय बनाना अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है। मोरक्को की राजधानी रबात को विश्व पुस्तक राजधानी घोषित किया जाना इस बात का संकेत है कि पुस्तक संस्कृति वैश्विक चेतना का अभिन्न हिस्सा है। पुस्तकें केवल जानकारी का स्रोत नहीं हैं; वे मनुष्य के विचारों, संवेदनाओं और व्यक्तित्व का निर्माण करती हैं। जीवन के संघर्षपूर्ण क्षणों में पुस्तकें एक सच्चे मित्र की तरह सहारा देती हैं और दिशा प्रदान करती हैं। कन्फ्यूशियस ने ठीक ही कहा था कि अज्ञानता अंधकार है और ज्ञान उसका प्रकाश। यह प्रकाश केवल सूचनाओं से नहीं, बल्कि विचारशील अध्ययन से प्राप्त होता है। पुस्तकें हमें धैर्य, एकाग्रता और आत्मचिंतन की क्षमता प्रदान करती हैं—जो आज के व्यस्त और विचलित समय में अत्यंत आवश्यक है। भारत में भी पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहित करने के प्रयास निरंतर हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पुस्तकों को उपहार के रूप में देने का संदेश एक सकारात्मक सामाजिक पहल है। ए. पी. जे. अब्दुल कलाम का यह कथन कि एक अच्छी पुस्तक सौ मित्रों के समान होती है, आज भी उतना ही सार्थक है। यह दृष्टिकोण हमें यह समझने में सहायता करता है कि पुस्तकें केवल व्यक्तिगत विकास ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हालाँकि, यह भी एक यथार्थ है कि आज की युवा पीढ़ी तेजी से डिजिटल माध्यमों की ओर आकर्षित हो रही है, जिससे पारंपरिक पठन संस्कृति प्रभावित हो रही है। यह चुनौती केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक भी है। इसलिए आवश्यक है कि परिवार, विद्यालय और समाज मिलकर पढ़ने की आदत को पुनर्जीवित करें। पुस्तकालयों का सुदृढ़ीकरण, स्थानीय भाषाओं में साहित्य का प्रसार और बच्चों में प्रारंभ से ही पढ़ने की रुचि विकसित करना समय की माँग है। पुस्तकें केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि भविष्य की आधारशिला हैं। वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की शक्ति रखती हैं,ऐसा परिवर्तन जो भीतर से उत्पन्न होता है और स्थायी होता है। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि हम पढ़ने को एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कार के रूप में अपनाएँ। यही संस्कार हमें एक जागरूक, संवेदनशील और सशक्त समाज की ओर ले जाएगा।

# विधायक ने किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**



**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर विधानसभा के अंतर्गत वार्ड नंबर 12 दूधिया नगर रेशम बाड़ी में लोकार्पण किया। वार्ड न. 12 में विधायक शिव अरोरा ने 30 लाख की धनराशि से ऊपर के सीसी सड़क व सौंदर्यकरण कार्यों का स्थानीय लोगो की उपस्थिति में लोकार्पण कर विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया।

इस दौरान विधायक शिव अरोरा बोले उनके कार्यकाल में कोई भी क्षेत्र विकास कार्य से अछूता नहीं रहा उन्हें समग्र रुद्रपुर क्षेत्र के विकास कार्यों को अपनी प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ने का कार्य किया जिसमें वार्ड नंबर 12 दूधिया नगर रेशम बाड़ी में उनके द्वारा विभिन्न सड़कों के निर्माण व सौंदर्यकरण कार्य कराए गए जिसमें रोशन लाल के घर से जरनेल सिंह घर तक इंद्रपाल के घर तक 7.41 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य, ऐसी हीं वार्ड न 12 के अन्तर्गत गंगापुर रोड स्थित शैली भवन में 10 लाख की लागत से सौंदर्य करण कार्य किया गया।

रेशमबाड़ी में सार्वजनिक स्थल पर 5 लाख की लागत से मिट्टी भरान का कार्य किया, साथ हीं पप्पू के घर से डॉक्टर राणा के घर तक 7 लाख की लागत से, वही 2 लाख की लागत से रामावतार घर से वेद प्रकाश के घर तक सीसी निर्माण कार्य किया जाए ऐसे छोटे बड़े निर्माण मिलाकर विधायकनिधि से 30 लाख की लागत से अधिक के निर्माण कार्य विधायक शिव अरोरा द्वारा वार्ड में करवाए गये तो वही इसके अलावा राज्य योजना से हुंडई एजेंसी के पीछे ऑक्सफोर्ड अकैडमी से गुरुद्वारा भजनगड़ को जाने वाले 1.3 किलोमीटर 95 लाख से इंटरलोकिंग मार्ग का निर्माण भी विधायक शिव अरोरा ने करवाया।

विधायक शिव बाद बोले रुद्रपुर क्षेत्र में लगातार विकास कार्य आगे बड़ाये जा रहे हैं वहीं वार्ड नंबर 12 दूधिया नगर रेशम बाड़ी में भी अनेको विकास कार्य की सौगात आम जनमानस को दी गई जिससे बाद बदहाल गंदगी में जी रहे लोगों का सड़क निर्माण से जीवन बेहतर सुगम हुआ वह लोगों का उन मार्गो से आना जाना बेहतर हुआ निश्चित रूप से भाजपा सरकार उनके जनप्रतिनिधि के रूप मे जनता की बेहतर सुविधा के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। जिसको जनता भली भाति देख रही उन्होंने कहा वार्ड नंबर 12 की तर्ज पर सभी क्षेत्रों में इसी प्रकार अनेकों विकास कार्य किए गए वह आने वाले समय में भी शेष बचे विकास कार्यों को आगे किया जाएगा।इस दौरान वार्ड न. 12 पार्षद महेंद्री शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एसपी यादव राधे श्रीवास्तव छोटेलाल शर्मा सुरेश शर्मा, सुशीला गंगवार, रविंद्र शर्मा,रवि कटारिया,महेश गंगवार, कृष्ण शर्मा, जसवंत गंगवार, सुभाष यादव, सुनील यादव, मयंक कक्कड़, मोहित चड्ढा, जरनेल सिंह, जोगा सिंह आदि लोग मौजूद रहें।

# डीजी के आश्वासन के बाद लैब तकनीशियनों का आंदोलन खत्म

## सीएमओ का जताया आभार

**अल्मोड़ा।** अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलनरत उत्तराखंड मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन, अल्मोड़ा शाखा ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया है।स्वास्थ्य महानिदेशक के सकारात्मक आश्वासन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहयोग के बाद एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया है।अल्मोड़ा- बागेश्वर -पिथौरागढ़ जिला संयुक्त एसोसियेशन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दोसाद ने बताया कि स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा उनकी मांगों के निस्तारण हेतु दिए गए भरोसे के बाद अब सभी सदस्य अपना विरोध वापस ले रहे हैं। सचिव महेंद्र बिष्ट ने बताया कि विरोध स्वरूप काला फीता बांध कर किया जा रहा विरोध समाप्त हो गया है और सभी जिले के लैब तकनीशियन अब पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे।

एसोसिएशन ने इस दौरान सीएमओ अल्मोड़ा द्वारा दिए गए मार्गदर्शन और सकारात्मक रुख की भी सराहना की और उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।पदाधिकारियों का कहना है कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि शासन द्वारा उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

# जिस जिले के पुलिस कप्तान उसी जिले की कोतवाली में मुकदमा

## पिथौरागढ़ के पूर्व एसपी लोकेश्वर सिंह पर मुकदमा दर्ज




**पिथौरागढ़।** जिले के पूर्व एसपी लोकेश्वर सिंह पर मारपीट मामले में कोतवाली पिथौरागढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया है।पिथौरागढ़ जिला न्यायालय के आदेश पर पिथौरागढ़ के पूर्व एसपी लोकेश्वर सिंह पर कोतवाली पिथौरागढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया है। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह पर व्यापारी लक्ष्मी दत्त जोशी के साथ मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज हुआ है। जिसके बाद अब उनकी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। वही व्यापारी लक्ष्मी दत्त जोशी ने इसे सत्य और न्याय की जीत बताया तथा न्यायालय को धन्यवाद दिया।

पिथौरागढ़ नगर के रेडीमेड गारमेंट्स के व्यापारी लक्ष्मी दत्त जोशी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पिथौरागढ़ की अदालत में याचिका दाखिल की गई थी। जिसमें कहा गया था पिथौरागढ़ पुलिस लाइन में बने पुलिस क्वार्टरो का गंदा पानी कलोनी में बहता था। जिस कारण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को काफी परेशानी होती थी। समस्या के समाधान को लेकर वह 6 फरवरी 2023 को अपनी बेटी को साथ लेकर एसपी कार्यालय पिथौरागढ़ गए थे। पर समस्या का समाधान करने के बदले तत्कालीन पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह के आदेश पर पुलिसकर्मियों ने निर्वस्त्र कर उन्हें पीटा गंदी गंदी गालियां दी और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। उनके द्वारा मेडिकल करवाया गया और मेडिकल में उनके शरीर पर चोट लगने की पुष्टि भी हुई थी। कहा जब वह इस मामले में शिकायत लेकर कोतवाली गए तो मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। व्यापारी लक्ष्मी दत्त की याचिका पर पिथौरागढ़ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सिंह की अदालत ने सुनवाई करते हुए 7 अप्रैल 2026 को पुलिस को तत्कालीन एसपी लोकेश्वर सिंह समेत अन्य के खिलाफ धारा 323, 342, 355, 504, 506, 392 और 120 (बी) के तहत मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए गए थे।

कोतवाल ललित मोहन जोशी ने बताया न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मामले की जांच की और कोतवाली पिथौरागढ़ में पूर्व एसपी लोकेश्वर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। व्यापारी लक्ष्मी दत्त जोशी के द्वारा एसपी लोकेश्वर सिंह की शिकायत राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण में भी की गई थी। प्राधिकरण ने मामले की सुनवाई करते हुए लोकेश्वर सिंह को दोषी ठहराते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। फिलहाल लोकेश्वर सिंह पुलिस सेवा से इस्तीफा दे चुके है। पर अब उनकी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। मामले में यह बात सच साबित हो रही है कि कानून के हाथ लंबे होते हैं और कानून सबके लिए बराबर होता है। न्याय मिलने में देरी होती है पर न्याय जरूर मिलता है। लोकेश्वर सिंह जिस जिले के पुलिस कप्तान रहे थे।जिस जिले में उनके आदेश की तूती बोलती थी पर आज वह इस जिले में अपराधी के तौर पर खड़े नजर आ रहे हैं ।और कोतवाली पिथौरागढ़ में उन पर मुकदमा दर्ज हो चुका है।


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

प्रिय स्नेही जन

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# भीमताल में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का भव्य आयोजन, छात्रों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा

**भीमताल।** भीमताल के विकासखंड अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, महरागांव में गुरुवार को विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के इंटर कॉलेज एवं हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विज्ञान प्रदर्शनी और क्विज प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित वरिष्ठ वर्ग विज्ञान प्रदर्शनी में रा.इं.कॉ. बानना के पंकज ने प्रथम तथा पंकज पलडिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि रा.उ.मा.वि. महरागांव की संगीता आर्य तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कनिष्ठ वर्ग विज्ञान प्रदर्शनी में रा.उ.मा.वि. रानीबाग के नैतिक नगन्याल प्रथम, पवन कुमार द्वितीय तथा रा.उ.मा.वि. सल्यूड़ा के आयुष तृतीय स्थान पर रहे।

सीनियर वर्ग विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में रा.इं.कॉ. बानना की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रा.इं.कॉ. भीमताल द्वितीय और रा.इं.कॉ. भूमियाधर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं जूनियर वर्ग क्विज प्रतियोगिता में रा.इं.का. नौकुचियाताल प्रथम, रा.इं.का. जंगलियागांव द्वितीय और रा.बा.इं.कॉ. भीमताल तृतीय स्थान पर रहे।



प्रतियोगिता में लगभग 65-70 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में श्री प्रदीप सनवाल, गौरी शंकर जोशी, श्रीमती दीपा बिष्ट एवं विनीता लोहनी शामिल रहे।

खंड शिक्षा अधिकारी कैना चौहान ग्रोवर ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री पी.एस. नगदली ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि ब्लॉक विज्ञान समन्वयक शैलेंद्र जोशी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप उपाध्याय ने किया।

कार्यक्रम का सफल आयोजन राजकीय शिक्षक संघ, भीमताल इकाई के अध्यक्ष श्री हरिशंकर कांडपाल के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री श्री दीप चंद्र पंत सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई।

# पुलिस ने गुम मोबाइल खोजकर लौटाए

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** जनसेवा और तत्परता का परिचय देते हुए सितारगंज पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए। इस पहल से लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई और पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली सितारगंज में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र से करीब एक दर्जन खोए मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस टीम ने सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। अपने खोए फोन वापस पाकर लोगों ने खुशी जताई और पुलिस का आभार व्यक्त किया। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने बताया कि यह अभियान केवल सामान बरामद करने तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन के विश्वास को बनाए रखने का भी प्रयास है।



पुलिस ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि जनता को त्वरित राहत मिल सके और पुलिस-जनता के बीच विश्वास और मजबूत हो।

## मेरी जन्मभूमि

मेरी ये प्यारी जन्मभूमि छ,
मेरी ये न्यारी देवभूमि छ।
भाग्य म्यर धन्य भया आज,
जैं मिलि ऐसि जननी धाम।
य मिकें दुनि स प्यार छ,
सब स भलि मेरि ये थल छ।
चारों दिसि हरियाली छाई,
प्रकृति खुद मुस्काई जाई।
औषधि-वनस्पति भंडार यै,
जीवन को आधार यै।
नद-नदी, गाड़-गधेरि,
सब म छ बसी ममता घनेरी।
देवभूमि मेरि, जन्मभूमि मेरि,
गंगा-जमुना धार पवित्री।
कण-कण म छ शक्ति अपार,
जैं कर दे जीवन उजियार।
सबै तीर्थों की मड़ड़ी यै,
आस्था की गहराई यै।
हरिद्वार, केदारनाथ, बदरीनाथ धाम,
गूंजे जैं हर पल भगवान नाम।
गंगोत्री-जमुनोत्री पावन धरा,
बसि रैं छन म्यर प्राण भितर सदा।
यै छ म्यर जीवन को अभिमान,
यै छ म्यर अस्तित्व को पहचान।
मेरी ये देवभूमि, जन्मभूमि छ,
जैं म्यर आत्मा को सम्मान छ।

**- ममता गोस्वामी**
**जिला- अल्मोड़ा, उत्तराखंड**

# लिंग्विस्टिक ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की प्रक्रिया शुरू

## जर्मन भाषा प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के तहत जनपद में लिंग्विस्टिक ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह घोषणा मार्च में आयोजित विधानसभा सत्र के दौरान की गई थी, जिसके क्रम में अब संबंधित कार्यवाही आगे बढ़ाई जा रही है। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से मई माह से नर्सिंग अभ्यर्थियों के लिए जर्मन भाषा प्रशिक्षण बैच शुरू करने की तैयारी है।

सेवायोजन अधिकारी विक्रम ने बताया कि जर्मनी में नर्सिंग पदों के लिए बीएससी नर्सिंग या जीएनएम उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस भर्ती के लिए आयु सीमा 21 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है और इसमें पुरुष व महिला दोनों आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 2.5 लाख से 3 लाख रुपये प्रतिमाह तक वेतन मिलने की संभावना है। बताया गया कि चयनित अभ्यर्थियों को 6 से 8 माह का जर्मन भाषा प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें वहां के कार्य वातावरण और भाषा को समझने में सुविधा होगी। इसके माध्यम से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जा रही है।

सेवायोजन अधिकारी के अनुसार यह योजना युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही उनके कौशल विकास में भी सहायक सिद्ध होगी। इससे प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सकेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 10 मई 2026 तक किसी भी कार्यदिवस में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में उपस्थित होकर या निर्धारित लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी दिए गए दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं या उत्तराखंड कौशल विकास समिति की वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

# भाजपा कार्यकर्ता कोहली के आकस्मिक निधन से शोक की लहर

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**



**रुद्रपुर** - मॉडल कॉलोनी भाजपा के बूथ अध्यक्ष समर्पित कार्यकर्ता बालकिशन कोहली का आकस्मिक देहांत अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। उनके निधन के समाचार से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है और सभी वर्गों के लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है।स्वर्गीय कोहली अपने सरल, सौम्य एवं मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। उन्होंने सदैव संगठन एवं समाज सेवा को प्राथमिकता देते हुए एक सच्चे कार्यकर्ता की भूमिका निभाई। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने उनके पार्थिव शरीर पर भाजपा का झंडा अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बालकिशन कोहली एक कर्मठ, निष्ठावान एवं जमीनी स्तर के कार्यकर्ता थे, जिन्होंने पार्टी और समाज के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका निधन भाजपा परिवार एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने भी नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# जसपुर में आठअल्ट्रासाउंड केंद्रो का निरीक्षण, तीन को नोटिस

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**



**जसपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केके अग्रवाल के निर्देशों पर जसपुर क्षेत्र में आठ अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें तीन अल्ट्रासाउंड केंद्रो में अनियमितता मिलने पर उन्हें नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण टीम में डॉ. धीरेन्द्र मोहन गहलोत, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, जसपुर एवं पीसीपीएनडीटी कोऑर्डिनेटर प्रदीप मेहर उपस्थित रहे। टीम द्वारा सबसे पहले सीएचसी जसपुर स्थित अल्ट्रासाउंड केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां यह पाया गया कि रेडियोलॉजिस्ट द्वारा सप्ताह में केवल एक बार अल्ट्रासाउंड सेवा प्रदान की जा रही है। इसके बाद गर्ग अल्ट्रासाउंड सेंटर,उर्मिला नर्सिंग होम,अरिहंत हॉस्पिटल, गहलोत नर्सिंग होम, किलकारी हॉस्पिटल,परी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। एक नए अल्ट्रासाउंड केंद्र के पंजीकरण आवेदन हेतु प्रस्तुत मानकों की जांच की गई । निरीक्षण में पांच केंद्रों पर अधिनियम 1994 के प्रावधानों, फॉर्म-स्न अभिलेखन, उपकरणों की स्थिति एवं स्टाफ की उपलब्धता को संतोषजनक पाया गया। वहीं तीन केंद्रों में अभिलेखों में मामूली कमियां एवं रजिस्टर अद्यतन न पाए जाने के कारण सुधारात्मक नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया है। संबंधित केंद्रों को सात कार्य दिवस के भीतर कमियों का निराकरण कर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।नए आवेदन वाले केंद्र के दस्तावेजों एवं मशीन के मानकों का भी भौतिक सत्यापन किया गया, जो मानकों के अनुरूप पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में लिंग अनुपात सुधार एवं अवैध लिंग जांच पर रोक के लिए नियमित निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। साथ ही जसपुर क्षेत्र की सीमा पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु निगरानी कड़ी रखी जाएगी और शीघ्र ही सीमावर्ती जनपदों के साथ संयुक्त निरीक्षण अभियानभी चलाया जाएगा।

# जनगणना ड्यूटी में सभी शिक्षकों की तैनाती का विरोध

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ शाखा ने उप-शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जनगणना कार्य में सभी शिक्षकों की तैनाती पर आपत्ति जताई है। संघ का कहना है कि इस निर्णय से विद्यालयों का संचालन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।




ज्ञापन में बताया गया कि ब्लॉक के अधिकांश स्कूलों में पूरा शिक्षक स्टाफ जनगणना ड्यूटी में लगा दिया गया है, जिसके कारण पढ़ाई बाधित हो रही है। भीषण गर्मी के बीच शिक्षकों के लिए शिक्षा कार्य और जनगणना दोनों जिम्मेदारियां एक साथ निभाना कठिन हो गया है। संघ ने मांग की है कि शिक्षकों को पूरी तरह कार्यमुक्त करने के बजाय ऐसी संतुलित व्यवस्था बनाई जाए, जिससे विद्यालयों में पढ़ाई सुचारु रूप से चलती रहे और जनगणना कार्य भी समय पर पूरा हो सके। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन की राह भी अपनाई जा सकती है।

# फर्जी लाइसेंस में चल रही पिकअप व ट्रक पर लगा 19 व 20 हजार का जुर्माना

## परिवहन विभाग ने सीज किए दोनों वाहन

**पिथौरागढ़।** परिवहन विभाग पिथौरागढ़ के प्रवर्तन दल ने एक बार फिर प्रभावी कार्रवाई करते हुए फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर संचालित वाहन को सीज कर बड़ी सफलता हासिल की है। नियमित जांच अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई में चालक पर 19,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन अधिकारी शिवांश कांडपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगतदिवस दल द्वारा घाट-पिथौरागढ़ हाईवे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पिथौरागढ़ की ओर आ रही उत्तर प्रदेश नंबर की एक पिकअप को रोका गया। जांच के दौरान चालक ने मोबाइल फोन में डिजिटल ड्राइविंग लाइसेंस प्रस्तुत किया। प्रारंभिक जांच में लाइसेंस में दर्ज जन्मतिथि जनवरी 1995 पाई गई, जबकि चालक की वास्तविक आयु लगभग 45-50 वर्ष प्रतीत हो रही थी। संदेह होने पर आधार कार्ड से मिलान किया गया, जिसमें नाम, पता और जन्मतिथि में स्पष्ट अंतर सामने आया। इससे लाइसेंस के फर्जी होने की पुष्टि हुई।



मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रवर्तन दल ने तत्काल वाहन को सीज कर दिया तथा चालक के विरुद्ध 19,000 रुपए का चालान किया गया। साथ ही संबंधित उत्तर प्रदेश एआरटीओ कार्यालय को सूचित करते हुए लाइसेंस के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्राचार किया गया है। रात्रि चेकिंग के दौरान एक और गंभीर मामला सामने आया, जिसमें ट्रक चालक द्वारा फर्जी तरीके से ड्राइविंग लाइसेंस प्रस्तुत किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन अधिकारी शिवांश कांडपाल ने बताया कि रात्रि चेकिंग के दौरान एक ट्रक को रोका गया, जहां चालक ने मोबाइल फोन में ड्राइविंग लाइसेंस दिखाया। लाइसेंस की सत्यता पर संदेह होने पर प्रवर्तन दल द्वारा गहन जांच की गई। जांच में पाया गया कि चालक किसी अन्य व्यक्ति का ड्राइविंग लाइसेंस दिखाकर वाहन का संचालन कर रहा था तथा पूछताछ के दौरान भ्रामक जानकारी दे रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत तत्काल कार्रवाई की गई। प्रवर्तन दल ने ट्रक को सीज कर दिया तथा चालक पर 20,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

कांडपाल ने बताया कि विवाह सीजन एवं आगामी आदि कैलाश यात्रा को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। ओवरलोडिंग, नशे में वाहन संचालन तथा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। साथ ही, उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे निर्धारित क्षमता के अनुसार ही सवारी बैठाएं, वैध दस्तावेज साथ रखें तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें, जिससे सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# नशा मुक्त भारत देश की जरूरत: आकाश सारस्वत

**चमोली/ गौचर।** मुख्य शिक्षा अधिकारी चमोली आकाश सारस्वत द्वारा आज पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौचर का औचक निरीक्षण किया गया, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रात: 7:30 बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौचर में पहुंचे और प्रार्थना सभा में उपस्थित रहे द्य मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रार्थना सभा को संबोधित किया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा बालिकाओं के लिए केंद्रित अपने भाषण में बालिकाओं को आत्म सुरक्षा पर विशेष पाल देने, बालिका शिक्षा के लिए स्वयं भी और अपने समाज को भी प्रेरित करने तथा स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन से प्रेरणा लेने , सदाचार का पालन करने , कर्म पर विशेष बल देने और राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानने का संदेश दिया। इसके बाद मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया जिसमें शिक्षकों से शिक्षक डायरी, शिक्षक



उपस्थिति पंजिका, छात्र उपस्थित पंजिका, प्रधानमंत्री पोषाहार योजना पंजिका, अतिरिक्त पोषण सहित विभिन्न अभिलेखीय पंजिकाओं का निरीक्षण किया गया साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओं को आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए गए। शिक्षकों को नवाचार पर विशेष बल देने और आवश्यक रूप से पुस्तक पढ़ने को कहा गया, मुख्य शिक्षा अधिकारी आकाश सारस्वत में निर्देश दिए कि विद्यालय पुस्तकालय से प्रत्येक शिक्षक को प्रत्येक सप्ताह अनिवार्य रूप से पुस्तक ले जानी होगी और एक सप्ताह में उसे पढ़कर उसकी आख्या भी देनी होगी , मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा बहुभाषी प्रार्थना सभा, दीवार पत्रिका निर्माण, किचन गार्डन सशक्त पुस्तकालय, पढ़ने की संस्कृति के विकास और सामूहिक जन्मोत्सव मनाने के लिए शिक्षकों को निर्देश दिए गए, औचक निरीक्षण में मुख्य शिक्षा अधिकारी के साथ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य बच्चन लाल जितेला और सुमन भट्ट भी उपस्थित रहे।

# जुनेर में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में सड़क डामरीकरण का मुद्दा उठा

**नारायणबगड़ (नवीन नेगी)।** विकासखंड के ग्राम पंचायत जुनेर में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान प्रधान नरेन्द्र भंडारी ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं।

निवर्तमान प्रधान नरेन्द्र भंडारी ने ग्राम जुनेर की मुख्य समस्याओं को लेकर संबंधित विभागों को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में विशेष रूप से जुनेर रोड के चौड़ीकरण पर जोर दिया गया, ताकि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल सके। ज्ञापन में परखाल-जुनेर-धुलेट मोटर मार्ग के डामरीकरण तथा जहां तक मोटर मार्ग का निर्माण हो चुका है, वहां तक आवाजाही को सुचारू करने की मांग की गई।



इसके साथ ही राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय का भवन वर्ष 2023 में स्वीकृत होने के बावजूद आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जिससे छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत जुनेर के राजस्व ग्राम जुनेर में वर्ष 2025 की बरसात के दौरान आई आपदा के बाद भूस्खलन का सर्वेक्षण तो किया गया, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है वहीं ग्राम धुलेट में जल संस्थान द्वारा पेयजल लाइन का निर्माण किए जाने के बावजूद अभी तक पानी की आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी पानी संकट का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दैवीय आपदा के कारण पातालपानी लाइन से भी पानी नहीं आ रहा है, जिससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है।

कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी चमोली, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, पशुपालन विभाग से पशुधन प्रसार अधिकारी, विद्युत विभाग तथा जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी मोरी ब्लॉक की अमिता देवी

**उत्तरकाशी/मोरी।** जनपद के विकासखंड मोरी के मोताड़ गांव निवासी अमिता देवी आज महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरी हैं। उनकी सफलता प्रदेश में लागू जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रभावी सुशासन का जमीनी उदाहरण मानी जा रही है। प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, कौशल विकास को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जिसका सकारात्मक असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। अमिता देवी ने अपने पति के साथ रोजगार की तलाश में शहर की ओर पलायन किया, लेकिन कम आय के कारण परिवार का भरण-पोषण कठिन हो रहा था। इसी दौरान उन्हे आईएफएडी-आरईएपी परियोजना के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर टौंस घाटी क्लस्टर लेवल फेडरेशन की सदस्यता ग्रहण की। परियोजना के तहत ग्राम्य विकास विभाग और आईएफएडी-आरईएपी द्वारा उन्हें प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और स्वरोजगार स्थापित करने में सहयोग प्रदान किया गया। वर्ष 2025 में मिली सहायता से अमिता देवी ने रेडीमेड गारमेंट्स की एक छोटी रिटेल दुकान शुरू की। शुरुआत में छोटे स्तर से शुरू किए गए इस व्यवसाय ने धीरे-धीरे गति पकड़ी और उन्हें अच्छा मुनाफा मिलने लगा। वर्तमान में उनकी दुकान से प्रतिदिन लगभग 1000 से 1500 रुपये की बिक्री हो रही है, जिससे उन्हें प्रति माह 10 से 12 हजार रुपये तक का लाभ मिल रहा है। इससे उनकी पारिवारिक और आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। अमिता देवी की यह सफलता न केवल क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं के सहयोग से ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों संग बैठक

**उत्तरकाशी।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुक्ता मिश्र की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड के निर्देशों के क्रम में प्री-रिविजन गतिविधियों के तहत किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन अभियान चलाया गया है। इसके आधार पर अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं की एएसडी सूची तैयार की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एएसडी सूची को राजनीतिक दलों एवं बीएलए-2 के साथ साझा किया जाए। बैठक के दौरान प्रारूप 9, 10, 11, 11ए एवं 11बी सहित संबंधित सूचियों की जानकारी भी दलों के प्रतिनिधियों को दी गई और उनके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि जिन मतदेय स्थलों पर अभी तक बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति नहीं हुई है, वहां शीघ्र योग्य प्रतिनिधियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को त्रुटिहीन बनाया जा सके। बैठक में कांग्रेस से दिनेश गौड़, भाजपा से महावीर सिंह नेगी, बसपा से रमेश राज सहित सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश मोहन राणा एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# टिहरी गढ़वाल में दर्दनाक वाहन दुर्घटना, मृतकों के लिए केंद्र व राज्य सरकार की सहायता घोषणा

**टिहरी गढ़वाल।** जनपद में हुई एक दर्दनाक वाहन दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को 2-2 लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। राज्य सरकार ने भी उत्तराखंड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत नियमावली के अंतर्गत मृतकों के आश्रितों को 2-2 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मृतकों के परिजनों को 3-3 लाख रुपये तथा गंभीर घायलों को 50-50 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुखद घड़ी में राज्य सरकार पीडित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों का समुचित एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि प्रभावित परिवारों से लगातार संपर्क बनाए रखें और उन्हें तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

# डुण्डा पुलिस की मुस्तैदी से टली अनहोनी, 3 घंटे में दो नाबालिग बालिकाएँ सकुशल बरामद

**उत्तरकाशी।** डुण्डा पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने एक संभावित अनहोनी को टाल दिया। घर से नाराज होकर लापता हुई नेपाली मूल की दो नाबालिग बालिकाओं को पुलिस ने महज़ तीन घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस को सूचना मिली कि दो नाबालिग बालिकाएँ घर से कहीं चली गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने तत्काल खोजबीन के निर्देश दिए। इसके बाद प्रभारी चौकी डुण्डा प्रकाश राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए पतारसी-सुरागरसी शुरू कर दी। सघन तलाशी अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दोनों बालिकाओं को अस्थल गांव स्थित एक स्कूल से सुरक्षित बरामद कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि एक बालिका स्कूल जाने को लेकर परिजनों की डांट से नाराज थी और उसने अपनी सहेली के साथ मिलकर घर छोड़ दिया था। दोनों बालिकाएँ स्कूल में ही छिपी हुई थीं और आगे कहीं दूर जाने की योजना बना रही थीं। पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों बालिकाओं की काउंसलिंग की और उन्हें शिक्षा के महत्व, सुरक्षित भविष्य और परिवार के मार्गदर्शन के बारे में समझाया। इसके बाद उन्हें सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस त्वरित कार्रवाई से एक बार फिर पुलिस की सतर्कता और जिम्मेदारी का परिचय मिला है, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।

# विकासखंड पोखरी के गोदीगिवाला में जंगल में दोबारा लगाई गई आग, युवाओं ने दिखाया साहस





**पोखरी/ चमोली।** विकासखंड पोखरी के गोदीगिवाला क्षेत्र में जंगल में आग लगने की गंभीर घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, अज्ञात व्यक्ति द्वारा जंगल में आग लगाई गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय युवाओं बिपिन रावत, भूपेंद्र रावत, सुनील, हर्षवर्धन और शंकर ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। युवाओं की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि पहली बार आग को युवाओं ने रात के समय ही बुझा दिया था। लेकिन इसके बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा फिर से रात में ही जंगल में आग लगा दी गई। दूसरी बार लगी आग पर भी युवाओं ने प्रयास किया, लेकिन आग पूरी तरह काबू में नहीं आ सकी और स्थिति गंभीर बनी रही। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि कोई शरारती तत्व जानबूझकर रात के समय आग लगा रहा है, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषी व्यक्ति की पहचान की जाए और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही जंगल क्षेत्र में सुरक्षा और निगरानी बढ़ाने की भी अपील की गई है। युवाओं के साहस और तत्परता की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# श्रीनगर में एआईडीएसओ ने मनाया पेशावर कांड स्मृति दिवस, वीर गढ़वाली को किया याद



**श्रीनगर गढ़वाल,(अंकित उनियाल) ।** श्रीनगर के पीपल चौरी स्थान पर पेशावर कांड के नायक वीर चंद्र सिंह 'गढ़वाली' की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसी दिन वर्ष 1930 में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली ने पेशावर में निहत्थे आंदोलनकारियों पर गोली चलाने से इंकार किया था। इस ऐतिहासिक घटना ने पूरे देश में गढ़वाली सैनिकों की वीरता, साहस और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। बताया गया कि अंग्रेज सरकार द्वारा हिंदू-मुस्लिम विभाजन का प्रयास किया गया, लेकिन गढ़वाली सैनिक इस षड्यंत्र में नहीं फंसे और निहत्थे पठानों पर गोली चलाने से इंकार कर धार्मिक सौहार्द और मानवता का संदेश दिया। इसी गौरवशाली विरासत को स्मरण करते हुए एआईडीएसओ द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के उत्तराखंड राज्य संयोजक डॉ. मुकेश सेमवाल ने कहा कि चंद्र सिंह गढ़वाली से मिली प्रेरणा के परिणामस्वरूप ही आजाद हिंद फौज का गठन हुआ, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति, सरकारी कर्मचारी और अधिकारी को वीर चंद्र सिंह गढ़वाली से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारी प्रेमदत्त नौटियाल ने गीत के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए।। आईडीएसओ के कार्यकर्ताओं और शहर के नागरिकों द्वारा जनगीत की प्रस्तुति भी दी गई। इस दौरान अनिल तिवारी, मोनिका चौहान, निशा बिष्ट, तन्मय सरकार, सरस्वती देवी, भरत सिंह असवाल, अरुण नेगी सहित एलयूसीसी प्रभावित महिलाएं एवं शहर के कई नागरिक उपस्थित रहे।

# चूड़ाकर्म संस्कार पर समलौण पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**पौड़ी गढ़वाल।** विकासखंड खिर्शू के श्रीनगर स्थित अलकनंदा विहार क्षेत्र में चूड़ाकर्म संस्कार के अवसर पर समलौण पहल के तहत पौधारोपण किया गया। जे.पी. जखमोला और सुलोचना देवी जखमोला के परिवार में आयोजित इस कार्यक्रम में संदीप जखमोला और ज्योति देवी जखमोला के पुत्र श्रियांश के चूड़ाकर्म संस्कार को यादगार बनाने के लिए घर के आंगन में अमरूद का पौधा रोपा गया।कार्यक्रम में पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी सुलोचना देवी ने ली। आयोजन का संचालन समलौण आंदोलन की राज्य संयोजिका सावित्री ममगाईं ने किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण लगातार बिगड़ रहा है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। कार्बन डाइऑक्साइड की बढ़ती मात्रा के कारण हिमालय की बर्फ तेजी से पिघल रही है, जो आने वाले समय में जल संकट का बड़ा कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता नहीं बढ़ाई गई, तो नदियां, गाड़-गधेरे और नौले जैसे जल स्रोत भी समाप्त हो सकते हैं। समलौण अभियान इसी उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जिसमें हर शुभ अवसर पर पौधारोपण कर इसे जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। सावित्री ममगाईं ने क्षेत्रवासियों से जंगलों को आग से बचाने और उनके संरक्षण की अपील भी की। इस अवसर पर आयांश, शैलेश जखमोला, आदिति रुडोला सहित परिवारजन, रिश्तेदार और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना 23वें दिन भी जारी



**उत्तरकाशी।** जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना-प्रदर्शन 23वें दिन भी जारी रहा। लगातार चल रहे आंदोलन के दौरान कार्यकत्रियों ने सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए अपनी लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की।

धरना दे रही कार्यकत्रियों का कहना है कि लंबे समय से कम मानदेय और बढ़ते कार्यभार के बावजूद उनकी समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे उनमें रोष बढ़ता जा रहा है। विकास भवन स्थित धरना स्थल पर आयोजित बैठक में कार्यकत्रियों ने एकजुट होकर कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस दौरान विजयलक्ष्मी नौटियाल, वंदना नौटियाल, संगीता सेमवाल, सुमित्रा, किरण भंडारी, लखनी देवी, कुसुम मेहर सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

# मुखेंम रेंज के जंगलों में भड़की आग

**उत्तरकाशी ( मोहन सिंह राणा )।** मुखिम रेंज अंतर्गत क्षेत्र के कुटेटी के सामने जंगलों में दो दिनों से आग लगी हुई है । यहां किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाई गई आग के देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और कई हेक्टेयर हरे-भरे जंगल को राख में बदल दिया। आग जंगलों में आग लगने से वन संपदा को ही नुकसान नहीं होता बल्कि वन्य जीव जंतुओं को भी बहुत क्षति पहुंचती है। चीड़ के पेड़ों से घिरे इस जंगल में सूखे पत्तों (पिरुल) ने आग को ऐसा ईंधन दिया कि लपटें तेजी से कई जगह फैल रही। वन विभाग द्वारा आग को अभी तक काबू नहीं कर पा रहे हैं कल से लगी आग अब बेकाबू होती जा रही है और पूरा इलाका धुएं और आग की चपेट में है। रेंज अधिकारी से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा है कि आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है

# चारधाम यात्रा के बीच सख्ती: नौगांव बैरियर पर स्मैक तस्करी का भंडाफोड़, दो युवक गिरफ्तार

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए उत्तरकाशी पुलिस लगातार सघन चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में नौगांव पुलिस बैरियर पर की गई कार्रवाई में स्कूटी से अवैध स्मैक की तस्करी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में जिलेभर में एक ओर यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नशे और अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट चंचल शर्मा के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष पुरोला के नेतृत्व में चौकी नौगांव पुलिस टीम ने बीती रात बैरियर पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध स्कूटी को रोका। तलाशी लेने पर स्कूटी सवार दो युवकों के कब्जे से 4.09 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिकेंदर उर्फ सिकू (31 वर्ष), निवासी ग्राम कंसोला, थाना पुरोला और अक्षय (22 वर्ष), निवासी मुंगरा गांव, थाना पुरोला, उत्तरकाशी के रूप में हुई है। बरामदगी के आधार पर दोनों के खिलाफ थाना पुरोला में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/60 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी सिकेंदर पहले भी स्मैक तस्करी के मामले में जेल जा चुका है और जमानत पर रिहा होने के बाद से उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इस कार्रवाई को पुलिस नशा तस्करी के नेटवर्क तक पहुंचने की महत्वपूर्ण कड़ी मान रही है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि स्मैक की सप्लाई किन क्षेत्रों में की जानी थी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पूरे नेटवर्क को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लमगड़ा महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूकता

**अल्मोड़ा।** परिवहन विभाग की ओर से जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत लमगड़ा महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आरटीओ कार्यालय अल्मोड़ा द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत किया गया। आरटीओ अनीता चंद्र के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आम जनता तक यह संदेश पहुंचाना जरूरी है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और अपने जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में दल नेता आशीर्वाद गोस्वामी ने कहा कि परिवहन विभाग की यह सराहनीय पहल है और ऐसे कार्यक्रम पूरे कुमाऊं क्षेत्र में आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंच सके। नुक्कड़ नाटक में संदीप सिंह नयाल, दीपक आर्य, पंकज आर्य, पवन कुमार, जगदीश तिवारी और पंकज भगत ने अभिनय कर लोगों को जागरूक किया।

# नाबालिग को बाइक देना पड़ा महंगा, वाहन सीज कर 25 हजार का चालान

**अल्मोड़ा।** द्वाराहाट क्षेत्र में नाबालिग को बाइक चलाने देना वाहन स्वामी को महंगा पड़ गया। पुलिस ने वाहन को सीज करते हुए स्वामी के खिलाफ 25 हजार रुपये का चालान किया है। यह कार्रवाई सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली द्वाराहाट पुलिस यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर नजर रखे हुए है। प्रभारी निरीक्षक विनोद जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी, तभी एक नाबालिग को मोटरसाइकिल चलाते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने मौके पर नाबालिग के अभिभावक को बुलाकर काउंसलिंग की और सख्त हिदायत दी। इसके बाद नाबालिग को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। साथ ही वाहन को सीज करते हुए वाहन स्वामी के खिलाफ 25 हजार रुपये का कोर्ट चालान किया गया।

# सड़क निर्माण न होने से ग्रामीणों में आक्रोश, सड़क नहीं तो वोट नहीं का ऐलान

**अल्मोड़ा।** धौलादेवी विकासखंड के ग्रामसभा खोला से भगवती मंदिर तक प्रस्तावित करीब तीन किलोमीटर सड़क निर्माण की मांग पूरी न होने पर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया है। लंबे समय से लंबित इस मांग को लेकर ग्रामीणों ने आगामी विधानसभा चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लेते हुए सड़क नहीं तो वोट नहीं का ऐलान किया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2016 में इस मोटर मार्ग का प्रस्ताव तैयार किया गया था, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। इसके चलते क्षेत्र के 1066 मतदाताओं सहित बड़ी आबादी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान रमा गैड़ा के नेतृत्व में जिलाधिकारी को भेजे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के अभाव में बीमार व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है, स्कूली बच्चों को लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती है और किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे चुनाव बहिष्कार के साथ-साथ जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में ज्ञापन की प्रतियां मुख्यमंत्री, क्षेत्रीय विधायक और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को भी भेजी गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह क्षेत्र सब्जी उत्पादन के लिए जाना जाता है, लेकिन सड़क न होने के कारण उत्पाद समय पर बाजार तक नहीं पहुंच पाता, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रस्तावित सड़क बनने से रौतगांव, घटेधार, भगवती मंदिर और जिनाड़ समेत कई तोकों को लाभ मिलेगा। इस मांग के समर्थन में ग्राम प्रधान रमा गैड़ा, मनीष सिंह गैड़ा, खीम सिंह, सूरज गैड़ा, मोनू, पंकज सिंह गैड़ा, गोविंद सिंह गैड़ा, कुंदन सिंह गैड़ा, बचे सिंह गैड़ा और गोपाल सिंह गैड़ा सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

# गंगोत्री यात्रा मार्ग पर डीएम का औचक निरीक्षण



## अधिक पार्किंग शुल्क वसूला तो होगी कड़ी कार्रवाई

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने गंगोत्री यात्रा मार्ग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्तरकाशी से हीना पार्किंग तक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने हीना पार्किंग में संचालित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, स्क्रीनिंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी और यात्री पंजीकरण चेक पोस्ट की स्थिति का गहन निरीक्षण किया।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर किसी भी स्थान पर निर्धारित दर से अधिक पार्किंग शुल्क वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप संचालित हों। उन्होंने बताया कि धामों में दर्शन के लिए सुव्यवस्थित कतार प्रणाली लागू की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हो सके। साथ ही यात्रा मार्ग पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

## चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की मुरीद हुई अभिनेत्री दीप्ति भट्टनागर



**उत्तरकाशी।** हिन्दी और तेलुगू सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री दीप्ति भट्टनागर ने चारधाम यात्रा के दौरान यमुनोत्री धाम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने यात्रा मार्ग पर पुलिस और प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बताते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए किए गए इंतजाम सराहनीय हैं। अभिनेत्री के इस सकारात्मक फीडबैक पर उत्तरकाशी पुलिस ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे उत्साहवर्धक शब्द जवानों का मनोबल बढ़ाने का काम करते हैं। पुलिस विभाग ने कहा कि कठिन परिस्थितियों और मौसम के बीच ड्यूटी कर रहे जवानों के लिए यह सराहना प्रेरणा का स्रोत है। उत्तरकाशी पुलिस ने भरोसा दिलाया कि 'सेवा, सुरक्षा और सम्मान' के अपने संकल्प के साथ वह आगे भी इसी समर्पण के साथ कार्य करती रहेगी, ताकि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम अनुभव मिल सके।

## केंद्र सरकार ने जेजेएम के लिए विशेष बजट किया जारी: चौधरी

**चंपावत।** जिले के प्रभारी मंत्री भरत चौधरी ने मीडिया को दिए गए बयान में बताया है केंद्र सरकार के द्वारा जल जीवन मिशन योजना के लिए विशेष बजट जारी कर दिया है। उन्होंने कहा जैसे ही राज्य सरकार को बजट उपलब्ध होता है उसके बाद चंपावत जिले में अधूरी पड़ी जल जीवन मिशन योजनाओं को पूरा किया जाएगा। कहा जब देश में एक साथ इतनी बड़ी योजना संचालित की जाती है तो कुछ व्यवधान जरूर होता है। कहा जल्द राज्य सरकार को बजट उपलब्ध हो जाएगा और जल जीवन मिशन योजना को पूर्ण किया जाएगा। चंपावत जिले में भी बजट उपलब्ध न होने से जल जीवन मिशन की कई योजनाएं वर्षों से अधूरी लटकी पड़ी है। अब गर्मी बढ़ने के साथ-साथ जिले में पेयजल का संकट भी गहराने लगा है। जनता जल्द से जल्द जल जीवन मिशन की अधूरी पड़ी योजनाओं को पूरे करने की मांग कर रही है।

# अचिह्नित राज्य आंदोलनकारियों का हो चिह्नीकरण: यूकेडी



## यूकेडी ने की राज्य आंदोलनकारी चिह्नीकरण समिति की बैठक बुलाने की मांग

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड क्रांति दल ने पार्टी के केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य चंद्रशेखर कापड़ी तथा पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर पुनेड़ा के नेतृत्व में कलेक्ट्रैट में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई को ज्ञापन सौंपकर उनसे राज्य आंदोलनकारी चिह्नीकरण समिति की बैठक बुलाकर अचिह्नित राज्य आंदोलनकारियों को राज्य आंदोलनकारियों का दर्जा देने की मांग की है।

उन्होंने जिलाधिकारी भटगाईं को अवगत कराया कि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के चिह्नीकरण की अविधि बढ़ाए जाने से संबंधित उत्तराखंड सरकार के शासनादेश को लगभग पांच माह पूर्ण हो चुके हैं। अब मात्र एक महिना ही शेष बचा हुआ है। बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जिला प्रशासन द्वारा इन पांच महिनों के दौरान राज्य आंदोलनकारी जनपदीय चिह्नीकरण समिति की एक भी बैठक अभी तक नहीं बुलाई गई है। जिस कारण शासन द्वारा बढ़ाई गई अवधि इस बार भी ऐसे ही व्यतीत हो जाने का अंदेशा है। छूटे हुए वास्तविक उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के चिह्नीकरण की प्रक्रिया इस बार भी अधूरी रहने की आशंका है।

चंद्रशेखर कापड़ी और चंद्रशेखर पुनेड़ा ने जिलाधिकारी से जल्द से जल्द जनपदीय उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी चिह्नीकरण समिति की बैठक बुलाकर बचे हुए अचिह्नित वास्तविक राज्य आंदोलनकारियों को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी का दर्जा देने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में

उत्तराखंड क्रांति दल के गोरखा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र गुरुंग, राज्य आंदोलनकारी संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप धामी, यूकेडी के जिला महामंत्री कमल सिंह चंद आदि शामिल थे।

## खीमराज ने जनगणना में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने का किया विरोध



**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता खीमराज जोशी ने जनगणना के कार्य में शिक्षक शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल व इंटर कॉलेजों में पहले से ही प्रधानाध्यापकों व प्रधानाचार्यों के पद रिक्त चल रहे हैं। साथ ही साथ कई विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ के पद रिक्त हैं। जिन शिक्षकों के भरोसे विद्यालय चल रहे हैं उनकी ड्यूटी जनगणना में लगाने से पठन पाठन व्यवस्था के चौपट होने की सम्भावना है। नया शिक्षा सत्र शुरू हुए 1 महिना भी नहीं हुआ है और शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतरने जा रही है। हर सत्र में सरकारी विद्यालयों से छात्र संख्या घटती जा रही है। अभिभावक मजबूर होकर अपने नौनिहालों का प्राईवेट स्कूलों में प्रवेश करा रहे हैं। जिन अभिभावकों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, उन्हीं के बच्चे सरकारी विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। खीमराज जोशी ने कहा कि सरकार एक ओर सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापरक शिक्षा देने की बात करती है और दूसरी ओर हाईस्कूल व इंटर कॉलेजों में विगत लंबे समय से शिक्षकों की नियुक्ति नहीं कर पा रही है। प्रधानाचार्यों व प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति भी सरकार नहीं कर पा रही है। इससे साफ पता चलता है कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में फर्क है। जिसे जनता भी भली भांति समझ चुकी है। इसका जवाब जनता वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों में देगी।

## कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का किया सम्मान : महेंद्र लुंठी



**पिथौरागढ़।** वरिष्ठ कांग्रेसी, राज्य आंदोलनकारी और पूर्व दर्जा मंत्री महेंद्र सिंह लुंठी ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी झूठ बोल रही है। वर्ष 2023 में महिला आरक्षण विधेयक संसद से पारित होकर कानून का रूप ले चुका है। बीजेपी महिला मोर्चा कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का झूठा आरोप लगा रहा है। कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है। कांग्रेस के ही शासन काल में सुचेता कृपलानी प्रथम महिला मुख्यमंत्री बनीं। कांग्रेस ने ही सरोजिनी नायडू को प्रथम महिला राज्यपाल बनाया। प्रधानमंत्री पद पर भी कांग्रेस ने प्रथम महिला इंदिरा गांधी को बैठाया। कांग्रेस ने ही प्रथम महिला राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल को बनाया। कांग्रेस ने ही एनी बेसेंट, सरोजिनी नायडू, नेल्ली सेन गुप्ता और सोनिया गांधी को पार्टी के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा। इसलिए कांग्रेस को महिला विरोधी बताने वाले पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें। कांग्रेस ने हमेशा संगठन और सरकार में शीर्ष पद देकर महिलाओं का सम्मान किया है। महिला को संसद, विधानसभाओं और पंचायत में आरक्षण देने की पहल भी कांग्रेस ने ही की। भारतीय जनता पार्टी परिसीमन विधेयक को महिला आरक्षण विधेयक बताकर जनता की आंखों में सरेआम धूल झोंकना चाहती है। लेकिन जनता की आंखों से अब झूठ का पर्दा हट चुका है। आगामी चुनावों में देश और प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों को जरूर सबक सिखाएगी।

# गांव-गांव में चलेगा टीबी स्क्रीनिंग अभियान




**अल्मोड़ा।** जनपद में टीबी उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग व्यापक स्तर पर अभियान चला रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अरविंद पांगती और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रांशु डेनियल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव पहुंचकर लोगों की स्क्रीनिंग कर रही हैं।

इस अभियान का उद्देश्य टीबी रोग की समय रहते पहचान कर उसका उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अत्याधुनिक हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से मौके पर ही जांच की जा रही है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को अस्पताल जाने की आवश्यकता कम हो रही है। विभाग का मानना है कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपे टीबी के मामलों को सामने लाने में मदद मिलेगी और मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 अप्रैल 2026 को द्वाराहाट विकासखंड के कोटिला ग्राम पंचायत में स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया जाएगा, जबकि 25 अप्रैल 2026 को द्वाराहाट क्षेत्र के बयेला में कैंप लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त भैसियाछाना विकासखंड में 24 अप्रैल को छानी, 27 अप्रैल को डूंगरी और 28 अप्रैल 2026 को नैनी गांव में भी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे इन शिविरों में पहुंचकर अपनी जांच अवश्य कराएं। विभाग का कहना है कि टीबी का समय पर इलाज संभव है और नियमित दवा लेने से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है।

## ब्लॉक प्रमुख ने प्रभारी मंत्री के सामने जताई नाराजगी

**लोहाघाट।** चंपावत के प्रभारी मंत्री भरत चौधरी की अध्यक्षता मे जिला योजना की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र 76.91 करोड रुपए की विकास योजनाओ को मंजूरी दी गई।तो वही ब्लॉक प्रमुख लोहाघाट महेंद्र ढेक व कई जिला पंचायत सदस्यो ने उनकी क्षेत्र की कार्य योजनाओं को जिला योजना में शामिल न करने पर प्रभारी मंत्री के सामने गहरी नाराजगी जताई। ब्लॉक प्रमुख ढेक ने कहा लोहाघाट ब्लॉक में सीमांत की कई पिछड़े क्षेत्र हैं उनके द्वारा कई योजनाएं जिला योजना में शामिल करने के प्रस्ताव कई विभागों में दिए गए थे जिनमें मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल सड़क भी थी।पर उसके बावजूद भी उनके कार्यों को जिला योजना में शामिल नहीं किया गया। कुछ योजनाओं को शामिल भी किया गया है तो उसमें भी आधी अधूरी धनराशि जारी की गई है उन्होंने कहा इस धनराशि से कार्य पूर्ण नहीं होगा। ब्लॉक प्रमुख ने कहा जबकि मुख्यमंत्री धामी का विजन है पूरे जिले में खासकर ग्रामीण क्षेत्र का विकास किया जाए और उसके बावजूद भी उनकी कार्य योजनाओं को जिला योजना में शामिल न करना एक गंभीर मामला है।

## उद्यमिता को लेकर एकदिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना परिसर में स्थापित उद्यमिता एवं कौशल विकास केंद्र द्वारा एकदिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, केंद्र समन्वयक डॉ. विजय वल्लभ और प्रोजेक्ट ऑफिसर महेंद्र सिंह रौतेला द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर रविंद्रनाथ पाठक ने किया। इस दौरान देवभूमि उद्यमिता संस्थान, उत्तराखंड के प्रोजेक्ट ऑफिसर महेंद्र सिंह रौतेला ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के महत्व और संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षण भी आयोजित किया गया, जिसके उपरांत सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में परिसर निदेशक प्रो. बिष्ट ने उद्यमिता केंद्र द्वारा संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उपयोगी बताया।

# 76.91 करोड़ की जिला योजना को मंजूरी विकास कार्यों को मिलेगा नया आयाम

## गांव-केंद्रित विकास के मॉडल चम्पावत के लिए बनी मजबूत विकास योजना




### भौतिक ढांचे से आगे बढ़कर आजीविका पर फोकस

**चंपावत।** जनपद प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री ग्राम्य विकास, लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम तथा खादी एवं ग्रामोद्योग भरत सिंह चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सभागार, चम्पावत में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 76 करोड़ 91 लाख 40 हजार की वार्षिक जिला योजना को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।बैठक से पूर्व प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्यान, पशुपालन, उद्योग, कृषि एवं बाल विकास, राष्ट्रीय पोषण मिशन अंतर्गत संचालित पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों की भी जानकारी ली।जिला सभागार में आयोजित बैठक में 36 विभागों के प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस वर्ष का बजट पिछले वर्ष के 6857.10 लाख की तुलना में 834.30 लाख अधिक 7691.40 लाख है, जो लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि है। बैठक के प्रारंभ में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कृषि, उद्यान, सिंचाई, रेशम, लोक निर्माण सहित विभिन्न विभागों द्वारा गत वर्ष किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

प्रभारी मंत्री ने जनपद में जैविक खेती को बढ़ावा देने, सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा स्थानीय उत्पादों को हाउस ऑफ हिमालय ब्रांड के अंतर्गत विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से लिंगड़ा, बुरांश व जनपद आधारित ऐसे उत्पादों की पहचान कर उनके उत्पादन एवं विपणन को बढ़ावा देने पर बल दिया, जिन उत्पादों की बाजार में मांग अधिक और उपलब्धता कम होती है, उन्होने कहा ऐसे उत्पाद स्थानीय आर्थिकी को सशक्त बनाने में अत्यंत सहायक होते हैं।

उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सिलाई, हस्तशिल्प एवं अन्य लघु उद्योगों को बढ़ावा देने तथा स्वरोजगार के अवसर सृजित करने पर जोर दिया गया। पशुपालन को पहाड़ का पारंपरिक एवं सशक्त आजीविका स्रोत बताते हुए उन्होंने जागरूकता बढ़ाने तथा आधुनिक तकनीकों जैसे सेक्स-सॉर्टेड सीमन के उपयोग पर भी बल दिया। इस वर्ष जिला योजना में कृषि विभाग के अंतर्गत जंगली जानवरों से फसल सुरक्षा हेतु तारबाड़ तथा उद्यान विभाग के माध्यम से कीवी उत्पादन, भेषज विभाग के माध्यम से तेजपत्ता, दालचीनी एवं बड़ी इलायची जैसे उत्पादों के लिए विपणन केंद्र स्थापित करने के प्रावधान शामिल किए गए हैं। वित्तीय आवंटन के अनुसार कुल बजट में से 56.05 करोड़ सामान्य मद, 20.42 करोड़ विशेष घटक उपयोजना तथा 44.30 लाख जनजातीय उपयोजना के लिए निर्धारित किए गए हैं। विभागवार आवंटन में युवा कल्याण को 8 करोड़, लोक निर्माण विभाग को 7.98 करोड़, कृषि को 7 करोड़, उद्यान को 4.77 करोड़, जल संस्थान को 4.55 करोड़, पर्यटन को 3.40 करोड़, मत्स्य पालन को 3 करोड़ तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को 2.47 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त शिक्षा, पेयजल, डेयरी विकास एवं बाल विकास जैसे क्षेत्रों में भी बजट आवंटित कर समावेशी विकास सुनिश्चित किया गया है। इस वर्ष जिला योजना में पारंपरिक भौतिक क्षेत्र (जैसे लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज आदि) की तुलना में आजीविका संवर्धन क्षेत्र को अधिक प्राथमिकता दी गई है। कृषि, उद्यान, रेशम, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं सहकारिता जैसे क्षेत्रों में व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, आय वृद्धि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की अपेक्षा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि सभी प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों के सुझावों एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नवाचार, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करें, जिससे स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलें और जनपद की अर्थव्यवस्था मजबूत हो। 76.91 करोड़ की यह जिला योजना चम्पावत के समग्र विकास के लिए तैयार की गई है, जिसमें रोजगार सृजन, कृषि एवं बागवानी, आधारभूत संरचना, पेयजल, सिंचाई तथा महिला समूह आधारित आजीविका पर विशेष ध्यान दिया गया है।

जनपद की अधिकतम ग्रामीण आबादी को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को गांव-केंद्रित बनाया गया है तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु बजट निर्धारित किया गया है। बैठक में विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रेमा पांडे, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, प्रकाश तिवारी, सतीश पांडे, राजू गढ़कोटी, सचिन जोशी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# जंगली जानवरों से सुरक्षा को 107 ग्राम पंचायतों में लगेगी 119 किमी चेन लिंक फेंसिंग

## चम्पावत में फसलों को मिलेगा सुरक्षा कवच



पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**चम्पावत ।** वर्ष 2026-27 के लिए जिला योजना को अंतिम रूप देते हुए 76.91 करोड़ (7691.40 लाख) के बजट के साथ विकास का रोडमैप तैयार किया गया। प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में इस योजना को अनुमोदित किया गया, जिसमें इस वर्ष पारंपरिक निर्माण कार्यों के साथ-साथ आजीविका संवर्धन और स्वरोजगार को विशेष प्राथमिकता दी गई है। जिला योजना में कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन और सहकारिता जैसे क्षेत्रों में बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।योजना में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य शामिल किए गए हैं, जिनमें 107 ग्राम पंचायतों में जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा हेतु 119 किमी चेन लिंक फेंसिंग, महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 500 लाख का प्रावधान, 171 पशुपालकों को बकरी पालन यूनिट, 1000 लाभार्थियों को कुक्कुट पालन सहायता, लो.नि.वि की 10 नई सड़कों, 4 पुल-पुलियों का निर्माण तथा 44 मार्गों के पुनर्निर्माण एवं सुधार कार्य शामिल हैं। इसके अलावा 32 नई पेयजल योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। पर्यटन एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए 540 लाख तथा बागवानी विकास के लिए 477.74 लाख का बजट निर्धारित किया गया है।

जिला योजना को भौतिक, सामाजिक, आजीविका एवं अन्य चार प्रमुख क्षेत्रों में संतुलित रूप से विभाजित किया गया है, जिसमें सड़क, पेयजल, सिंचाई और ऊर्जा जैसे भौतिक क्षेत्र के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, युवा कल्याण जैसे सामाजिक क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया गया है। वहीं आजीविका क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देते हुए रोजगार आधारित योजनाओं को बढ़ावा दिया गया है।योजनाओं को क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के समन्वय के साथ लागू किया जाए, साथ ही अधूरे एवं चल रहे कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए।पिछले वर्षों के आंकड़ों के अनुसार भौतिक क्षेत्र में सबसे अधिक निवेश हुआ है, जबकि आजीविका क्षेत्र में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है, जो इस वर्ष भी प्राथमिकता में रहेगा।

## खूना बोरा में पेड़ में चढ़ा नजर आया विशालकाय किंग कोबरा

**लोहाघाट।** दुनिया के सबसे जहरीले सांपों में शामिल किंग कोबरा पहाड़ चढ़ने लग गया। पिछले दो-तीन सालों से चंपावत जिले के पर्वतीय क्षेत्र में किंग कोबरा नजर आने लगा है। तो वही लोहाघाट के खूना बोरा गांव में एक विशालकाय किंग कोबरा नजर आया है। खूना बोरा के पूर्व प्रधान भय्यू बोरा ने जानकारी देते हुए बताया गांव के भूमिया मंदिर मे पेड़ में चढ़ता हुआ एक विशालकाय किंग कोबरा नजर आया है। जिसका गांव के कुछ युवाओं ने वीडियो बना लिया। बोरा ने बताया किंग कोबरा दिखने से गांव में दहशत का माहौल भी है ।उन्होंने बताया वन विभाग के द्वारा सांप के किंग कोबरा होने की पुष्टि की है । उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क के रहने की अपील की है। पेड़ में चढ़ रहे किंग कोबरा को पक्षी चोंच मारते नजर आ रहे है। लोहाघाट रेंजर एन0डी पांडे ने बताया मौसम परिवर्तन के चलते तराई क्षेत्र में रहने वाला किंग कोबरा अब पहाड़ों में भी नजर आ रहा है उन्होंने बताया लोहाघाट क्षेत्र में भी कई किंग कोबरा देखे गए हैं कहा किंग कोबरा अक्सर पेड़ों में चिड़िया के अंडे खाने के लिए चढ़ जाता है। उन्होंने बताया यह विश्व के सबसे जहरीले सांपों में से एक है उन्होंने क्षेत्र वासियों से सतर्क के रहने की अपील की है। कहा मौसम चक्र के चलते तराई क्षेत्र में रहने वाला बंगाल टाइगर, किंग कोबरा व मोर अब पर्वतीय क्षेत्र में नजर आने लगे हैं। पिछले वर्ष भी चंपावत में किंग कोबरा व बंगाल टाइगर नजर आए। वही लोग मंदिर के पास किंग कोबरा के दिखने को भगवान का चमत्कार बता रहे है। ग्रामीणों के द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना की गई।



## झालाकुड़ी में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**चंपावत।** जिले के दूरस्थ क्षेत्र झालाकुड़ी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मातृ मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को अनेक प्रकार की जानकारी प्रदान की गई बृहस्पतिवार को झालाकुड़ी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुंदर सिंह बोहरा ने किया। जिसके बाद आयोजित शिविर में डॉक्टर तनीषा अग्रवाल ने गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और महिलाओं को अनेक प्रकार की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उपस्थित सभी महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया गया। बताया कि संस्थागत प्रसव अब आने वाले समय के लिए बहुत ही जरूरी है। जिससे मातृ वंदना योजना, 108 योजना, 102 की जानकारी के साथ-साथ घर पर प्रसव होने की खतरे को कम करने सहित अन्य प्रकार की जानकारियां प्रदान की गई। सुशीला गड़कोटी ने उपस्थित सभी महिलाओं की स्क्रीनिंग की जबकि एएनएम दीपिका बोहरा व पुनीता कुशवाहा ने आयरन कैल्शियम वितरण सहित अन्य दवाइयां का वितरण किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित शिविर में ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न महिलाओं ने प्रतिभा किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान आरती चौहान, आशा कार्यकत्री माया चौहान सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।



## विधायक अधिकारी के प्रयासों से मोटर मार्ग जिला योजना में स्वीकृत

**लोहाघाट ।** विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के प्रयासों से लोहाघाट की ग्राम पंचायत थुवामारा के तल्ला थुवामारा से अनुसूचित जाति बस्ती झिमझड़ तक एक किलोमीटर मोटर मार्ग जिला योजना में स्वीकृत किया गया। सड़क स्वीकृत कराने पर समस्त ग्राम वासियों की और से लोहाघाट विधायक खुशाल सिंह अधिकारी का आभार जताते हुए उन्हें हार्दिक धन्यवाद दिया गया है। ग्राम प्रधान सविता देव व प्रतिनिधि प्रदीप सिंह देव ने बताया आज हुई जिला योजना की बैठक में लोहाघाट विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के प्रयासों से यह सड़क स्वीकृत हुई है। सड़क बनने से अनुसूचित बस्ती के साथ-साथ क्षेत्र के ग्रामीणों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। देव ने कहा वह अपनी समस्त ग्राम सभा की ओर से लोहाघाट विधायक खुशाल सिंह अधिकारी को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा लोहाघाट विधायक के द्वारा विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्य किए जा रहे हैं। सड़क स्वीकृत होने पर लोगों ने खुशी जताई है ग्रामीणों ने कहा सड़क निर्माण के लिए ग्राम प्रधान सविता देव व प्रतिनिधि प्रदीप देव के द्वारा सराहनीय प्रयास किए गए जिस कारण आज इस सड़क को स्वीकृति मिली है। खुशी जताने में ग्राम प्रधान सविता देव ,प्रदीप सिंह देव,नरेंद्र सिंह देव ,पुरन बोहरा ,कैलाश सिंह ,नवीन राम पूर्व ग्राम प्रधान सुनीता देवी ,नरेश सिंह, प्रकाश राम, महेश सिंह माहरा ,खुसाल राम , लक्ष्मण राम,संजय बोहरा , दलीप सिंह,सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



## अवैध निर्माण पर चलेगा बुलडोजर

**भीमताल।** क्षेत्र में युवतियों के साथ कथित शोषण और ब्लैकमेलिंग के आरोपों में फरार एक युवक के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। मामले के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है, वहीं आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराजगी और बढ़ती जा रही है। प्रशासनिक जांच में यह सामने आया है कि आरोपी के परिवार द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण किया गया है। इस पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने आरोपी की मां को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने या भूमि से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने नोटिस में यह भी स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि पर संबंधित पक्ष को एसडीएम कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दावे के समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। तय समय सीमा में संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उधर, स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों ने पुलिस प्रशासन से फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और मामले की जांच जारी है।

# डीजल पेट्रोल की किल्लत को देखते हुए पूर्ति निरीक्षक ने पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण



## लोहाघाट में डीजल पेट्रोल की किल्लत पेट्रोल पंपों पर लगी भारी भीड़

**लोहाघाट।** मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के चलते चंपावत जिले मे भी डीजल पेट्रोल की किल्लत नजर आ रही है। जिले के लोहाघाट नगर में डीजल व पेट्रोल की भारी किल्लत हो गई है। जिस कारण दुपहिया व चार पहिया वाहन चालक परेशान हो गए हैं। शुक्रवार को नगर के पेट्रोल पंपो में डीजल और पेट्रोल भराने के लिए वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लगी रही।

इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया पेट्रोल की सप्लाई कम होने से पेट्रोल की किल्लत बनी हुई है कहा दोपहिया वाहनों को 200 रुपए तथा चौपहिया वाहनों को एक हजार रुपए का पेट्रोल उपलब्ध कराया जा रहा है तथा डीजल भरपूर मात्रा में दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया नगर के अन्य पेट्रोल पंपों में पेट्रोल व डीजल की कमी के चलते सारा भार उनके पेट्रोल पंप में पड़ रहा है कहा कंपनी से सप्लाई सुचारु है। वहीं नगर के पाटन क्षेत्र में स्थित भारत पेट्रोलियम प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया पेट्रोल और डीजल की किल्लत बनी हुई है। उन्होंने कहा बड़े वाहनों को तीन हजार रुपए तथा छोटे वाहनों को 500 रुपए का डीजल दिया जा रहा है तथा दो पहिया वाहनों को 100 तथा चौपहिया वाहनों को 500 का पेट्रोल उपलब्ध कराया जा रहा है उन्होंने बताया उनके पास सिर्फ आज तक का ही स्टॉक बचा हुआ है।

वही आज पूर्ति निरीक्षक चंद्रकला चतुर्वेदी के द्वारा भारत पैट्रोलियम पंप का निरीक्षण कर स्टॉक की जांच की गई तथा पेट्रोल पंप प्रबंधक को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। पूर्ति निरीक्षक ने बताया सप्लाई कम होने की वजह से दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया इमरजेंसी सेवाओं एंबुलेंस ,शादी बारातो के वाहनों को भरपूर मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने लोगों से पैनिक न करने की अपील की है कहा सप्लाई लगातार जारी है।

उन्होंने बताया जो लोग डीजल से चक्की चलते हैं वह ग्राम प्रधान से पत्र लिखकर डीजल ले सकते है। पूर्ति निरीक्षक ने बोतल व केन में डीजल व पेट्रोल न देने के कड़े निर्देश पेट्रोल पंप प्रबंधक को दिए गए है। जिलाधिकारी के द्वारा भी लगातार स्थिति पर नज़रें बनाकर रखी गई है। तो वही डीजल पेट्रोल की किल्लत के चलते खास कर लंबी दूरी के टैक्सी चालकों , स्कूल वाहनों के साथ साथ सरकारी कर्मचारी तथा आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से पेट्रोल पंपों में डीजल व पेट्रोल उपलब्ध कराने की मांग की है।

# भीषण गर्मी और हीट वेव से निपटने को नगर निगम ने बनाया एक्शन प्लान



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** ग्रीष्म ऋतु के दौरान भीषण गर्मी और संभावित 'हीट वेव' के खतरों को देखते हुए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। आपदा प्रबंधन और जन-राहत कार्यों की समीक्षा के लिए महापौर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें हीट वेव से बचाव के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की गई। बैठक में बिजली-पानी की सुचारू आपूर्ति से लेकर बेसहारा पशुओं और सफाई कर्मियों तक के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक के बाद निर्णयों की जानकारी देते हुए महापौर ने बताया कि इस वर्ष कम बारिश के कारण भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। मौसम विभाग की हीट वेव की चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए निगम ने स्वास्थ्य, विद्युत और जल संस्थान के साथ समन्वय स्थापित किया है। शहर के मुख्य सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की किल्लत न हो, इसके लिए जगह-जगह पानी के कैंपर रखे जाएंगे। विशेष रूप से मेडिसिटी के समीप श्रमिक वर्ग की सुविधा के लिए एक शेड का निर्माण किया जाएगा, जिसमें शौचालय और शुद्ध पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था होगी।

यात्रियों की सुविधा के लिए शहर के सभी यात्री शेडों का कायाकल्प कर उन्हें ठहरने योग्य बनाया जाएगा।भीषण गर्मी में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए नगर निगम के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को 'अलर्ट मोड' पर रखा गया है। महापौर ने निर्देश दिए हैं कि सभी केंद्रों पर ओआरएस, ग्लूकोज और जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जाए। ये सभी सुविधाएं आम जनता को निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही, नगर निगम एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाएगा, जिसके माध्यम से लोगों को दोपहर की कड़ी धूप में अनावश्यक बाहर न निकलने की सलाह दी जाएगी। सड़कों पर काम करने वाले ई-रिक्शा चालकों और अन्य जरूरतमंदों को नगर निगम की ओर से पानी की बोतलें और सिर ढकने के लिए गमछे वितरित किए जाएंगे।

शहर में पानी की सुचारू आपूर्ति के लिए नगर निगम नए टैंकरों की व्यवस्था कर रहा है। साथ ही, बेसहारा पशुओं को प्यास से राहत देने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में 'वाटर टब' रखे जाएंगे। फील्ड में तैनात सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उनके कार्य समय (शिफ्ट) में भी परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है ताकि वे दोपहर की झुलसाने वाली धूप से बच सकें। विद्युत विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी के दौरान बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि पेयजल पंप और आम जनता को परेशानी न हो।शहर के पर्यावरण को सुधारने और भविष्य में तापमान कम करने के लिए नगर निगम ने 'क्लीन और ग्रीन' अभियान को गति देने का फैसला किया है। निगम अब अपनी स्वयं की नर्सरी विकसित करेगा, जिसमें स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पौधे तैयार किए जाएंगे। इन पौधों को शहर के सभी वार्डों में रोपित किया जाएगा, जिससे न केवल शहर हरा-भरा होगा बल्कि महिलाओं को स्वरोजगार भी मिलेगा।

महापौर ने नगर निगम की सेवाओं के विस्तार की भी घोषणा की। अब शहरवासियों को राशन कार्ड, श्रम कार्ड, पेंशन और पानी के कनेक्शन जैसे कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। नगर निगम परिसर में प्रत्येक सोमवार को इन सेवाओं के लिए विशेष डेस्क उपलब्ध रहेगी। महापौर ने दोहराया कि नगर निगम जनता की सेवा के लिए समर्पित है और जनहित में त्वरित फैसले लेने से पीछे नहीं हटेगा। बैठक में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे सहित जल संस्थान, विद्युत विभाग और जल निगम के तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें अपनी-अपनी कार्ययोजना पर तत्काल अमल करने के निर्देश दिए गए हैं।

## महिला कल्याण संस्था ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित की पाठ्य सामग्री



**अल्मोड़ा।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिला कल्याण संस्था द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिराड में कार्यक्रम आयोजित कर 40 मेधावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों को कॉपियों के सेट व लेखन सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही आंगनबाड़ी के बच्चों को पानी की बोतल और कॉपियां देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मनोज तिवारी ने विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री प्रदान करते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित भी किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता पाठक ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिराड, हरी दत्त पेटशाली इंटर कॉलेज और प्राथमिक विद्यालय शीतल पानी के विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित किया गया। संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा रखी।

## 530 रुपये के विवाद में उपभोक्ता पर 20 हजार का जुर्माना

**अल्मोड़ा।** महज 530 रुपये की बैंक कटौती को लेकर दायर परिवाद एक उपभोक्ता को भारी पड़ गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने मामले में शिकायत को आधारहीन मानते हुए परिवादी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। आयोग ने इसे न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया। मामले में नरसिंह बाड़ी निवासी महेंद्र सिंह बूड़ाथोकी ने पंजाब नेशनल बैंक और अग्रणी बैंक कार्यालय के खिलाफ परिवाद दायर किया था। आरोप था कि वर्ष 2008 से 2014 के बीच उनके खाते से न्यूनतम त्रैमासिक शेष राशि के 480 रुपये और एसएमएस शुल्क के 50.55 रुपये, कुल 530.55 रुपये बिना अनुमति काटे गए। अधिवक्ता मनोज कुमार पंत और एचपीएस नेगी के अनुसार आयोग के अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल, सदस्य बिद्या बिष्ट और सुरेश कांडपाल की पीठ ने साक्ष्यों के आधार पर पाया कि परिवादी के खाते में निर्धारित न्यूनतम 1000 रुपये की राशि नहीं थी। इस कारण बैंक द्वारा की गई कटौती नियमों के अनुरूप थी। आयोग ने अपने फैसले में कहा कि परिवादी ने जानबूझकर आधारहीन तथ्य प्रस्तुत किए, जिससे बैंक को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ा। इसे न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग मानते हुए आयोग ने 45 दिनों के भीतर 20 हजार रुपये का जुर्माना जमा करने के निर्देश दिए। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि बचत खाते में न्यूनतम बैलेंस नहीं रखने पर बैंक नियमों के तहत चार्ज स्वतः कटता है। इसी तरह एसएमएस अलर्ट सेवा के लिए भी निर्धारित शुल्क समय-समय पर लिया जाता है, जो ग्राहक की सहमति पर आधारित होता है।

## ई-मोबाइल वैन के जरिए गांव-गांव पहुंची पुलिस

**अल्मोड़ा।** जनपद में सचल न्यायालय (ई-मोबाइल वैन) के माध्यम से नए आपराधिक कानूनों को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पुलिस दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों और कस्बों में पहुंचकर लोगों को उनके अधिकारों और सुरक्षा प्रावधानों की जानकारी दे रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देशन में संचालित इस अभियान में पुलिस टीम ने सोमेश्वर, ताकुला, कोसी, द्वाराहाट और बग्वालीपोखर समेत विभिन्न क्षेत्रों और विद्यालयों में पहुंचकर आमजन और स्कूली बच्चों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों की शंकाओं का मौके पर समाधान करते हुए उन्हें नए कानूनों की प्रक्रिया और प्रावधानों से अवगत कराया गया। पुलिस ने बताया कि नए कानूनों के तहत नागरिकों को अधिक सुदृढ़ सुरक्षा, त्वरित न्याय व्यवस्था और पारदर्शी प्रक्रिया का लाभ मिलेगा। इस दौरान लोगों को कानूनों का पालन करने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने और समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में अपर उपनिरीक्षक पुष्कर सिंह खाती, कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह रिंगवाल, कांस्टेबल सुमित कुमार और चालक कांस्टेबल अजय जोशी शामिल रहे।

## कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा का अल्मोड़ा दौरा, विकास योजनाओं पर की समीक्षा

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड सरकार में शहरी विकास, जलागम प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन विभाग के कैबिनेट मंत्री रामसिंह कैड़ा के अल्मोड़ा पहुंचने पर सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने जनपद के विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने मंत्री को जनपद से संबंधित विभिन्न योजनाओं और नगर निगम के प्रस्तावों की जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि जनपद का समुचित विकास सरकार की प्राथमिकता में है और नगर निगम को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने निगम से जुड़े प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, मेयर अजय वर्मा, विधायक रानीखेत प्रमोद नैनवाल, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा, उप निदेशक जलागम भरत सिंह रावत और उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने नगर निगम अल्मोड़ा के तीन कूड़ा एकत्रण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।